अध्याय 6

IV57IM

सार्वजनिक संपत्तियाँ

सार्वजनिक संपत्तियाँ व उनका संरक्षण

शहर से कुछ दूरी पर गाँव का एक विद्यालय था और वहाँ से थोड़ी दूरी पर एक छोटा–सा रेलवे स्टेशन था। एक दिन सुबह रेल्वे स्टेशन पर बहुत सारे लोग जमा थे। वहाँ स्टेशन मास्टर के साथ गाँव के सरपंच, विद्यालय के प्रधान अध्यापक और भी दूसरे लोग जमा थे, जो आपस में ज़ोर–जोर से बहस कर रहे थे। सभी क्रोधित और चिंतित थे। घटना ही इस तरह की थी। कल विद्यालय में छुट्टी के बाद कुछ छात्रों ने रेलवे के सिग्नल्स और लाइटों को पत्थरों से निशाना बनाया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए वहाँ पुलिस अधिकारी भी पहुँच गए थे। कुछ देर बाद प्रधान अध्यापक के समझाने बुझाने पर माहौल शांत हुआ।

अपने नज़दीक के रेल्वे स्टेशन के बारे में अपने शिक्षक से जानकारी प्राप्त करें।

प्रधान अध्यापक ने प्रार्थना के पश्चात् आज सभी छात्रों को एक बड़े कमरे में एकत्रित होने को कहा।

चित्र–6.1 रेलवे प्लेटफार्म

हवाई अड्डा

ç/kku v/;kid – कल विद्यालय में छुट्टी के बाद जिन चार–पाँच छात्रों ने रेलवे के सिग्नलस और लाइटों को तोड़ा था वे खड़े हो जाएँ।

चित्र–6.2 विद्यालय

राजेश – गुरु जी, हम लोगों ने ऐसे ही खेल–खेल में निशाना बनाया था।

ç/kku v/;kid – अच्छा यह बताइए कि यदि आप लोग किसी के घर की लाइटों व खिड़कियों के काँच को निशाना बनाकर तोड़ते या कोई आपके घर की लाइटों या खिड़कियों के काँच तोड़ोगे तो क्या होगा?

pnu – यदि हम किसी के घर का कुछ नुकसान करेंगे तो हमें उस घर के लोग डाँटेंगे।

किशोर – यदि कोई हमारे घर का कुछ नुकसान करेगा तो हम उसे पकड़कर डाँटेंगे।

ç/kku v/;kid – फिर बताइए आप लोगों ने कल जो सिग्नलस और लाइट तोड़कर नुकसान किया, उसके बारे में आप लोग क्या सोचते हैं। क्या आप लोगों को कोई नहीं डाँटेगा ?

deyk – सर, हम लोगों ने सोचा कि कोई देख भी नहीं रहा है और ये तो किसी का भी नहीं है।

ç/kku v/;kid – क्या यहाँ सभी उपस्थित छात्र इससे सहमत हैं?

pnu – सर, ये सिग्नल और लाइट तो रेलों को चलाने में काम आते हैं। रेलगाड़ियों का उपयोग तो हम सभी लोग करते हैं।

ç/kku v/;kid – हाँ, सही कहा आपने, ऐसा नहीं कि ये सब चीज़ें किसी की नहीं, ये हम सभी की हैं। इन्हें 'सार्वजनिक सम्पत्ति' भी कहते हैं। (सार्वजनिक यानि सब जनों की) अच्छा यह बताइए कि इन सिग्नल्स व लाइटों के टूटने से क्या असुविधा या नुकसान हुआ होगा?

किशोर – रेलगाड़ियाँ बहुत समय तक खड़ी रह गईं होंगी जिसके कारण यात्रियों को समय में पहुँचने में बाधा हुई होगी।

i/kku v/;kid– यदि कोई बीमार व्यक्ति इलाज के लिए जा रहा हो या मालगाड़ियों में लदा आवश्यक सामान समय पर न पहुँचे तो सोचिए क्या होगा।

pnu – कई असामाजिक तत्व रेल और बसों में तोड़–फोड़ करते हैं, क्या उन्हें सजा नहीं होती?

चित्र–6.3 यातायात

i/kku v/;kid – सजा तो मिलती है, किंतु इसके लिए सबके सहयोग की आवश्यकता होती है। जब हम सभी इन सुविधाओं का उपयोग करते हैं तो इसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी तो हम सबकी बनती है। सार्वजनिक संपत्तियों में सबसे अच्छा उदाहरण आपके विद्यालय का है, जिसकी व्यवस्था व संचालन में सबके सहयोग की आवश्यकता होती है।

अब आप सब समझ गए होंगे कि रेल जैसी कई अन्य सुविधाएँ हैं जिनका उपयोग सभी करते हैं। सोचकर बताइए कि आपका बस्ता, पुस्तकें, रबर, पेंसिल क्या सार्वजनिक संपत्ति हैं? आपकी अनुमति के बगैर क्या कोई भी उनका उपयोग कर सकता है? कुछ संपत्ति ऐसी होती हैं जिन पर केवल आपका ही अधिकार होता है, जिसका उपयोग भी आप स्वयं करते हैं। इसलिए इसे निजी संपत्ति कहते हैं। कुछ संपत्ति ऐसी भी होती है जिनका उपयोग सभी लोग बिना किसी की अनुमति के, करते हैं, जैसे रेल, स्कूल, सड़क, अस्पताल, खेल का मैदान इत्यादि। इनका निर्माण और रखरखाव हमारी सरकार करती है। इस पर सबका अधिकार होता है। इसीलिए इसे सार्वजनिक संपत्ति कहते हैं। सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

चित्र–6.4 अस्पताल

चित्र–6.5 ऐतिहासिक स्मारक

आपस में चर्चा कर उन सभी सार्वजनिक सुविधाओं की सूची बनाइए जिनका सभी उपयोग करते हैं।

सार्वजनिक संपत्तियों को सार्वजनिक धन देकर खरीदा जाता है। सार्वजनिक धन लोगों द्वारा सरकार को दिए गए विभिन्न प्रकार के करों से इकट्ठा होता है। इस प्रकार सार्वजनिक संपत्तियों के निर्माण के लिए हम सबके पैसों का उपयोग होता है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में अपने शिक्षक से चर्चा करें।

vkb, dN djs &

दी गई सारणी के आधार पर विद्यालय परिसर में उपलब्ध सुविधाओं का बेहतर उपयोग व सुरक्षित रखने हेतु सुझाव दीजिए ।

Ikexh Ikj.kh		
क्र.	**सामग्री**	**सुरक्षित उपयोग हेतु सुझाव**
1.	ऐतिहासिक स्मारकों की रक्षा	
2.	श्यामपट	
3.	टाटपट्टी	
4.	फर्नीचर	
5.	पेयजल	
6.	शिक्षण सहायक सामग्री	
7.	पुस्तकालय	
8.	शौचालय	
9.	वृक्षारोपण	
10.	खेल सामग्री	

अभ्यास के प्रश्न

1. सार्वजनिक संपत्तियाँ क्या हैं ?
2. नीचे दी गई संपत्तियों में से निजी और सार्वजनिक संपत्तियों को अलग कीजिए–

   साइकिल, विद्यालय, ट्रैक्टर, पुस्तकालय, खेल का मैदान, अस्पताल, घर, मोटर साइकिल, पार्क या बगीचा, पोस्टबॉक्स, हल।
3. क्या करेंगे यदि आपके आसपास कोई सार्वजनिक सुविधा की चीज़ें हों और कोई उन्हें नुकसान पहुँचा रहा हो ?
4. आप रोज़ जिन सार्वजनिक सुविधाओंवाली संपत्तियों का उपयोग करते हैं, उनकी सूची बनाइए।

J7IFZ7